प्रेस नोट
दिनांक 18.06.2024

थाना आदमपुर पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं का अनावरण कर शातिर वाहन चोर गिरफ्तार किया गया, कब्जे से चोरी की हुई 03 मोटर साईकिल हुई बरामद ।

पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री कुंवर अनुपम सिंह द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री राजीव कुमार के मार्गदर्शन में एवं क्षेत्राधिकारी हसनपुर श्री दीपकुमार पंत के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष थाना आदमपुर के कुशल नेतृत्व में संयुक्त टीम थाना आदमपुर पुलिस पुलिस कल दिनाँक 17.06.2024 की रात्रि शहवाजपुर ढोला तिराहे के पास चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास कर रहे मोटर साईकिल सवार अभियुक्त चिन्टू पुत्र दासी सिहं निवासी ग्राम बहादुरपुर थाना हसनपुर जनपद अमरोहा को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से चोरी की हुई फर्जी नम्बर प्लेट (UK 07 U 0797) लगी मोटर साईकिल बरामद हुई।

पूछताछ पर अभियुक्त चिन्टू द्वारा बरामद फर्जी नम्बर प्लेट (UK 07 U 0797) को करीब 15 दिन पहले आवास विकास कोलोनी में घर के सामने से चोरी करना व नम्बर प्लेट बदल देना (सम्बन्धित मु0अ0सं0 266/24 धारा 379 भादवि थाना अमरोहा देहात) तथा दो अन्य मोटर साइकिल 1. स्प्लेण्डर प्लस रंग काला करीब 10 दिन पहले सरकारी अस्पताल अमरोहा के गेट के पास से तथा दूसरी मोटर साइकिल सुपर स्प्लेण्डर रंग काला करीब 8 दिन पहले कचहरी गेट अमरोहा के सामने से चोरी करना बताया गया जोकि अभियुक्त चिन्टू की निशादेही पर बरामद की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त को नियमानूसार मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त:-

1. चिन्टू पुत्र दासी सिहं निवासी ग्राम बहादुरपुर थाना हसनपुर जनपद अमरोहा उम्र करीब 21 वर्ष।

बरामदगी:-

1. चोरी की हुई 03 मोटर साईकिल

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. थानाध्यक्ष श्री शौकेन्द्र सिंह थाना आदमपुर जनपद अमरोहा।
2. वरिष्ठ उ0नि0 श्री आकाश कुमार थाना आदमपुर जनपद अमरोहा।
3. उ0नि0 श्री रामप्रकाश थाना आदमपुर जनपद अमरोहा।
4. का0 1305 अनिल कुमार थाना आदमपुर जनपद अमरोहा।
5. का0 40 कपिल कुमार थाना आदमपुर जनपद अमरोहा।
6. का0 468 विपिन कुमार थाना आदमपुर जनपद अमरोहा।